# 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोपी फांसी की सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** राजमहल व्यवहार न्यायालय के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रथम संजय कुमार दुबे की अदालत ने सोमवार को दोपहर छह वर्षिय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने के मामले में आरोपी को फांसी की सजा सुनाई है। इस मौके पर कोर्ट परिसर में सुरक्षा बल की तैनाती करी गई थी।

मदरसे में 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी इमाम गिरफ्तार5 मार्च 2015 को राजमहल थाना क्षेत्र के निवासी ने पुलिस के समक्ष बयान देकर यह आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग लड़की को पड़ोसी प्रतिदिन घर से बुलाकर कर खेलने के लिए ले जाता था और खेलकूद करने के बाद घर पहुंचा देता था। चार मार्च की शाम करीब पांच बजे प्रतिदिन की भांति पड़ोसी उसकी नाबालिग लड़की को कंधा पर बैठा कर ले गया। देर शाम तक जब उसकी पुत्री वापस नहीं आयी तब वह अपनी पत्नी को लेकर खोजबीन करने लगा। खोजबीन के क्रम में गांव के लोगों ने बताया कि आप की बेटी को पड़ोसी कंधा पर बैठा कर शाम में तालाब की ओर जा रहा था। तब वह अपने सगा सम्बन्धी व ग्रामीणें के साथ अपनी पुत्री को खोजते हुए तालाब पहुंचे तो देखा कि खेत में उसकी पुत्री मृत अवस्था में पड़ी हुई है। पुत्री की गर्दन पर खरोंच व काला दाग का निशान था। इस घटना को लेकर राजमहल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज किया था। कोर्ट में विचारण के दौरान दुष्कर्म और हत्या के साथ इस मामले को विशेष मामलों में प्रतिवेदित करते हुए मामले में पोक्सो एक्ट जोड़ा गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से डॉक्टर एवं अनुसंधानकर्ता सहित कुल 12 गवाहों का परीक्षण कर आरोपी के विरुद्ध आरोप सिद्ध करने में सफल रहा। आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई। राजमहल थाना कांड संख्या 81/15 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी.साहिबगंज जिला में पहली बार ऐसा देखा गया है कि निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। लगातार सात साल से अधिक दिनों से इस केस की सुनवाई और तारीख चल रही थी। आखिरकार वो दिन आ गया कि आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को मृत्युदंड की सजा सुनाई।



## एक यूनिट रक्तदान से बचाई जान

**गढ़वा।** आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय सदस्य पंकज केषरी ने एक यूनिट रक्तदान कर एक व्यक्ति की जान बचायी। उन्होंने प्रखंड के नवादा निवासी विजय शर्मा के लिए रक्तदान किया। मौके पर श्री केषरी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई बड़ा दान नहीं है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से व्यक्ति को किसी तरह का कोई खतरा नहीं होता है। मौके पर जिलायक्ष दीपक शर्मा, केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, संजय यादव, संतोष मालाकार आदि उपस्थित थे।

## डीसी विजया जाधव ने जनता दरबार में सुनी आम जनता की समस्यायें

**जमशेदपुर।** साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुई । जनता दरबार में 28 मामले आए जिनमें निजी भूमि में अतिक्रमण, मुआवजा में नौकरी, गन लाइसेंस हस्तांतरण, पेंशन, दुकान आवंटन, पीएम आवास राशि वापसी, बैंक के ऋण में छूट, जल निकासी और सड़क निर्माण आदि शामिल थे। आदिवासी हो समाज कल्याण समिति द्वारा जाहेर स्थान पर विवाद से संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। गौड़ बस्ती की प्रेमलता देवी ने यूनियन बैंक से लिए ऋण में छूट, पोटका कालिकापुर की विमला भगत ने निजी भूमि में अतिक्रमण, डुमरिया के लक्ष्मीकांत पंडा ने मुआवजा में नौकरी, जुगसलाई के मो. सोहराब ने निजी भूमि अतिक्रमण, कल्याण नगर की कालो देवी ने विधवा पेंशन की मांग की जिसे मौके पर उपायुक्त के आदेशानुसार प्रकिया शुरू की गई। सुधीर कुमार ने दुकान आवंटन की मांग की। उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।

## भाजमो कदमा मंडल की बैठक में बस्तियों की समस्या पर हुई चर्चा

**जमशेदपुर।** भाजमो कदम मंडल के तत्वावधान में कदमा रामजन्म नगर स्थित श्याम नगर में मूलभूत सुविधाओं पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट इत्यादि की समस्याओं को लेकर बस्तीवासियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया की जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के साथ टाटा स्टील यूआईएसएल एमडी की पिछले दिनों हुई बैठक में जमशेदपुर के 107 बस्तियों में टाटा स्टील यूटिलिटीज पानी और बिजली सप्लाई करने का निर्णय लिया गया था। इसी के निमित्त भाजमो कदमा के श्याम नगर, बंगाली भट्टा और प्रतिमा नगर 70-80 की संख्या में स्थानीय महिलाओं ने चर्चा की और निर्णय लिया कि बस्तियों में टीएसयूआईएल की निर्बाध बिजली और पानी आपूर्ति के लिए विधायक सरयू राय से दिशानिर्देश प्राप्त कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सोशल मिडिया श्री शेष नाथ पाठक, कदमा मंडल अध्यक्ष श्री तिलेश्वर प्रजापति, शिव यादव, दिलीप, रीता जी, श्यामा जी एवं भारी संख्य में लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया प्राथमिक विद्यालय धुसरा का निरीक्षण

**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा क्षेत्र के दौरे के क्रम में सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अनुसूचित जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय धुसरा का औचक निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में पेयजल, साफ सफाई व स्कूल भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूली बच्चों से बारी बारी मिलते हुए स्कूल में होने वाले पढ़ाई, खानपान व रहन सहन के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने विधायक को सकारात्मक जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने विधायक को स्कूल के कई प्रकार समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करवाने की मांग की है। विधायक ने बताया कि पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में अचौक निरीक्षण करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता जांच करेंगे।

## अपने घर आसपास व पंचायत को साफ सुथरा रखना हमसबों का दायित्व : विजय मुंडा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत सचिवालय में सोमवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत ठोस एवं तरल कचरा निपटारा को ले ग्रामीण स्वच्छता के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया विजय मुंडा ने किया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ कैसे बनाया जाए इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही ठोस कचरा एवं तरल कचरा का निपटारा हेतु सामुदायिक और व्यक्तिगत योजना लेने का भी कार्य किया गया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि अपने घर और आसपास के क्षेत्र सहित पंचायत को साफ सुथरा रखना हम समूह का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पंचायत साफ सुथरा रहेगा तो कई संक्रामक संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। श्री मुंडा ने कहा कि सबों के सहयोग से पंचायत को सफाई के मामला में नंबर वन बनाया जाएगा। ग्राम सभा में पंचायत समिति सदस्य राजू मुंडा, पंचायत सेवक नरेश महतो, उपमुखिया लक्ष्मी देवी, जलसहिया अंजू देवी, वार्ड सदस्य चंदा रानी, सुमंती देवी, मुन्नी देवी, राधा देवी, गुलचंद मुंडा सहित अजय यादव, रंजीत उरांव, जगदीश मुंडा, विनोद यादव, रामजतन यादव, संजय यादव, जितेंद्र मुंडा, संगीत देवी, तारा देवी, निलू देवी, सबिता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम का कुजू में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव के रूप में नवनियुक्त पार्टी के सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रभारी कुजू निवासी धर्मराज राम का सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। क्षेत्र के नयामोड़ फोरलेन से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली कोयलांचल कुजू के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए कुजू चौक पहुंचा। इस दौरान रैली में शामिल कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद, सोनिया-राहुल जिंदाबाद, अविनाश पांडे जिन्दाबाद, राजेश ठाकुर जिन्दाबाद के नारे लगा रहे थे। मोटरसाइकिल रैली के कुजू पहुंचते ही कार्यकताओं ने प्रदेश सचिव धर्मराज राम को फूल मालाओं से लाद दिया। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर धर्मराज राम ने कहा कि कांग्रेस ने कुजू के एक आम व्यक्ति को प्रदेश सचिव जैसे पद को सौंप कर जो भरोसा जताया उसका पूरी जिम्मेवारी के साथ निर्वहण करुंगा। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सिंह, ललित राम,अकबर खान,शकील खान, आकाश ओझा, महेंद्र ठाकुर, अब्दुल जब्बार, फुलेश्वर साव, वार्ड सदस्य प्रदीप राम, सुरेश राम, मेघलाल राम,अमरदीप राम,अरुण केशरी,अमित अग्रवाल, सन्नी सिंह,अरुण उरांव, ईश्वर महतो,शंकर शर्मा, प्रकाश राम,बिनोद राम,अनिल साहू, विकास राम,संतोष भुइंया, पचु भुइंया, सुरेश तुरी,दीपू साहू,दिलीप केशरी,कौलेश्वर भुइंया, टार्जन, जनक भुइंया, अर्जुन भुइंया,गुड्डु सिंह, सिंटू शर्मा,अनूप रविदास, छोटेलाल राम,महेंद्र भुइंया, उमेश राम,टिंकू राम,नेपाली मुंडा, देवलाल महतो,दीपू महतो,ललन कुमार, राजन कुमार,सोनू कुमार,अजय रविदास, किशोर दास,बंगाली भुइंया, सुरेश भुइंया, मुकेश शर्मा, जोगेंद्र महतो,अभिषेक ठाकुर, भोला भुइंया, मनी भुइंया, छोटे दास, कजरु रविदास, मनोज राम,पिंटू राम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी के प्रयास से बालूमाथ सीएचसी में महिला चिकित्सक की हुई प्रतिनियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी के प्रयास से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में दो दिन महिला चिकित्सक अपनी सेवा देंगी। जानकारी देते हुए अनिता देवी ने बताया कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई वर्षों से महिला चिकित्सक नहीं होने के कारण क्षेत्र की महिलाओं को ईलाज कराने में काफी असुविधा होती थी। सामान्य रोगों का ईलाज महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करा लेती हैं। लेकिन स्त्री रोग से संबंधित ईलाज के लिए महिलाओं को बाहर जाना पड़ता है। प्रसव कराने आने वाली महिलाओं को नर्सों के सहारे ही रहना पड़ता है। इसको लेकर उन्होंने कई बार हुए जिला परिषद की बैठक में महिला चिकित्सक बहाल करने की मांग सिविल सर्जन से की थी। जिसके बाद लातेहार सिविल सर्जन के द्वारा अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार एवं लातेहार उपायुक्त के अनुमोदन के बाद डॉ. नीलिमा कुमारी चिकित्सा पदाधिकारी जो वर्तमान में चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित है। वह मंगलवार और शनिवार दो दिनों के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्ति की गई है। ज्ञात हो कि जिला परिषद उपाध्यक्ष बनने के बाद से ही अनीता देवी बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक की बहाली और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि स्थाई महिला चिकित्सक को लेकर प्रयास किया जा रहा है। शिघ्र ही स्थाई रूप से महिला चिकित्सक बालूमाथ में लाया जाएगा। वहीं महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति किये जाने पर बालूमाथ प्रखंड के कई गणमान्य लोगों ने जिप उपाध्यक्ष को बधाई दिया है।

## सेवानिवृति सेवाकाल का अभिन्न हिस्सा होता है: सुभाषचंद्र गुप्ता



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, प्रांगण में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं परियोजना पदाधिकारी सुभाषचंद्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृति सेवाकाल का अभिन्न हिस्सा होता है। विदित हो कि विद्यालय के गणित शिक्षक ओमप्रकाश सिंह विगत नवंबर माह में सेवानिवृत्त हुए हैं तथा विद्यालय के शिक्षक लखनलाल करमाली की पदोन्नति प्रधानाचार्य के रूप में होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया था। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य रूप से प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, कोषाध्यक्ष आशीष झा, सह सचिव सुधाकर सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे। दोनों शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों ने भी अपने संदेश में विद्यालय एवं बच्चों के साथ के पलों को याद किया।उपस्थित अतिथियों का परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद ने किया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

## झोलाछाप चिकित्सक ने केंसर मरीज का कचरे के ढेर के समीप किया ईलाज

**मझिआंव।** उपायुक्त के निर्देश के बावजूद भी झोलाछाप डक्टरों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ पर राा ष्ण बालिका विद्यालय के समीप संजीवनी क्लीनिक के संचालक सह तथाकथित ड बी शर्मा ने रेफरल अस्पताल से रेफर मरीज नगर पंचायत क्षेत्र के अखौरी तहले गांव निवासी स्व. सुदामा राम के पुत्र अरविंद कुमार चंद्रवंशी को अपने दलालों के मायम से अपने संजीवनी क्लीनिक में लाया तथा उक्त केंसर मरीज को खेत के बाहर कचरे के ढेर के समीप खेत में जमीन पर लेटा कर इलाज किया। इस दौरान मरीज को दो लोग हाथ पैर पकड़े हुए थे तथा मरीज कष्ट की व्याकुलता में कभी- कभी चिल्ला उठता तो कभी सुस्त पड़ जाता। जब यह मामला प्रकाश में आया एवं इसकी सूचना अंचल पदाकिारी रामजी प्रसाद गुप्ता को मिली तो त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर अंचल निरीक्षक ानलाल उरांव को भेजकर जांच कराई गई। सीआई ानलाल उरांव ने स्थल पर जाने पर यह वाक्या सही पाया। उक्त डक्टर को अंचल कार्यालय में बुलाकर काफी फटकार लगाते हुए सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने उसे अपना सर्टिफिकेट दिखाने का निर्देश 24 घंटा के अंदर दिया है। साथ ही उस पर हर हाल में कार्रवाई करने की बात कही गई। बताते चलें कि उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार 9 फरवरी 2022 को सभी अवै रूप से क्लीनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया था। उस दौरान सभी को उपायुक्त के द्वारा सख्त चेतावनी दी गई थी कि हर हाल में अवै रूप से क्लीनिक संचालित नहीं किया जाएगा। केवल मान्यता प्राप्त चिकित्सक ही प्रैक्टिस कर सकेंगे। परंतु उपायुक्त के निर्देश का अवहेलना करते हुए संजीवनी क्लिनिक के संचालक ड बी शर्मा (डा.बलवंत शर्मा) के द्वारा मनमानी करते हुए अपने दलालों के मायम से मरीज को बरगला कर क्लीनिक में बुलाकर फिर से मरीजों का ईलाज शुरू कर दिया गया। इस संबा में जिला चिकित्सा पदाकिारी ड अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एबीएपी आदर्श उवि का वार्षिक खेलकूद संपन्न



**जमशेदपुर।** रंगारंग मार्च पास्ट, पी टी डिस्प्ले और आकर्षक शपथ ग्रहण के साथ ग्रामीण क्षेत्र में स्थित ए बी ए पी आदर्श उच्च विद्यालय राहरगोड़ा के खेल प्रांगण में आज दिनांक 12 दिसंबर 2022, दिन-सोमवार को पूर्वाहन 8:30 बजे से विद्यालय के 60 वीं वार्षिक खेलकूद का विधिवत आगाज हुआ। बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन के उपाध्यक्ष सह महाप्रबंधक ( फाउंड्री ) टाटा मोटर्स - डॉक्टर डी एस पदान एवं उनकी धर्मपत्नी रीना प्लान और विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सह वरीय प्रबंधक टाटा मोटर्स मौके पर बैलून रिलीज कर विधिवत खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जनार्दन गिरी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में एथलीट के रूप में विद्यालय के 400 छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक, विभिन्न आयु वर्गों में विभाजत 08 ग्रुप में आयोजित 80 खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए पदक जीते । स्थानीय बस्ती के विद्यालयों के बच्चों के लिए विशेष तौर पर विद्यालय की ओर से एक 100 मीटर की दौड़ और 200 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया एवं विजय छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में मैदानी स्पधार्ओं में लंबी कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो और लंबी कूद , ऊंची कूद के अलावा 100 मीटर , 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 4 ७100 मीटर रिले दौड़ का आयोजन किया गया ।छोटे बच्चों के लिए जलेबी रेस, बिस्किट रेस, मैच द पिक्चर , मैथ रेस, बैलून फोटो दौड़, 50 मीटर की दौड़, 75 मीटर की दौड़ का आयोजन हुआ।

## एक नजर में

## साहिबगंज में गंगा नदी में नाव हादसा, दो की मौत

साहिबगंज। गेंहू में पानी पटाने के लिए जा रहे एक ही परिवार के दो लोगों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई । डेंगी नाव में आवश्यकता से अधिक लोग सवार होने से असंतुलित हो गई। जिससे नाव पलट गई. नाव में सवार दो लोगों की मौत हो गई।ये भी पढ़ें- लोहरदगा में स्कूल जाने के बहाने नदी में नहाने गए दो बच्चे डूबे, एक की बचाई जानमामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर मकईटोला की है। डूबने वालों में प्रदीप चौधरी का 10 वर्षीय पुत्र सुमन कुमार व 30 वर्षीय राजेश महतो शामिल हैं। राजेश महतो भागलपुर के कहलगांव का रहनेवाला था। वो अपने ससुराल आया था। दोनों खेत में पानी पटाने के लिए दियारा जा रहे था। इसी क्रम में डेंगी नाव पलट गई और दोनों गंगा में समा गए। आसपास के लोगों ने यह देख शोर मचाया। इसके बाद ग्रामीण जुटे और दोनों की खोजबीन शुरू की। कुछ ही देर बाद दोनों के शवो को निकाल लिया गया.सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने एएसआइ प्रमोद कुमार को घटनास्थल पर भेजा। हालांकि थाना से घटनास्थल की दूरी काफी अधिक होने की वजह से पुलिस को वहां पहुंचने में देर हुई। दोनों का शव लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर शाम को पहुंची। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है। दोनों परिवार काफी गरीब हैं. दोनों के पास पैसा नहीं है कि शव को घर तक किसी वाहन से लेकर जाए. कुछ सामाजिक कार्यकर्ता ने सीएस रामदेव पासवान को समस्या से रुबरु कराया. सीएस ने दोनों के शव को घर तक पहुंचाने के लिए अनुमति दे दी। मृतक राजेश महतो को दो बेटी और एक बेटा है। साहिबगंज में हर साल गंगा में डूबने से कई लोगों की मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति में एनडीआरएफ की टीम की स्थाई रुप से कैंप की मांग की जाती रही है, लेकिन उपायुक्त के आदेश के बाद भी केन्द्र सरकार की ओर से इस दिशा में पहल नहीं की जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र से दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने रविवार देर रात गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में कुरूमगढ़ थाना प्रभारी निवेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी प्रवीण एक्का चैनपुर थाना क्षेत्र के छिछवानी गांव का रहने वाला है। हालांकि पिछले 3 साल से वह अपने ससुराल जिरमी गांव में ही रहता है। आरोपी ने 1 सप्ताह पूर्व ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित महिला के बयान पर मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद से ही लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। रविवार की रात उसके घर से ही उसे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद उसे सोमवार को जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व जिरमी गांव में प्रवीण एक्का नामक व्यक्ति के द्वारा अपने पड़ोसी शादीशुदा महिला से जबरन दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था। पीड़िता नर अपने बयान में बताया था कि दोपहर में घर पर कोई नहीं था जिस वक्त प्रवीण जबरन घर घुसकर दुष्कर्म किया। इसके बाद इसकी जानकारी परिजनों को दी परिजनों के सहयोग से कुरूमगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया था।

## आरटीई अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग के छात्रों को नामांकन लेने की मांग

**जमशेदपुर।** अभिभावक संघ के बैनर तले उमेश सिंह की अगुवाई में कमजोर तबके की महिलाओं ने आज डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात डीसी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि आर.टी.ई. अधिनियम 2005 की धारा 1260) ( ) के प्रावधान के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों के शैक्षिक सत्र 2018-12 निजी स्कूलों की प्रवेश कक्षा में नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई थी। उक्त अधिनियम के प्रावधान के तहत 6-4 से 14 वर्ष अथवा कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के लिए शिक्षण व्यवस्था की जरूरी प्रावधानों के तहत राज्य सरकार को श्री प्राइमरी या प्री नारी के कक्षा की व्यवस्था करती है। आर.टी.ई अधिनियम 2009 की धारा 12(0) (0) के प्रावधान के तहत जमशेदपुर-शाहर के स्कूलों नामांकित कराए गये अभि तंगीत एवं कमजोर वर्ग के बम्मों के अभिभाव वर्तमान मे आर्थिक स्थिति आदि नहीं है। शैक्षिक पप 2021-22 के केन्द्र सरकार ने नई शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी थी। नई शिक्षा नीति 2020 की कडिका 8-8 के प्रबंधन में अभिनेत्रीत एंव कमजोर वर्ग के बच्चों को कक्षा 1216 तक निःशुल्क शिक्षा पाने का अधिकार मिलता है।

## रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टीचिंग लर्निंग मॉडल की प्रदर्शनी संपन्न

**पोटका।** भावी शिक्षकों में रचनात्मकता और क्रियाशीलता को बढ़ावा देने के लिए आज रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टीचिंग लर्निंग मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई । इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कॉलेज के चेयरमैन राम बचन जी और डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ कल्याणी कबीर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । सभी विद्यार्थियों ने अपने अपने विषय से संबंधित मॉडल और प्रोजेक्ट बना कर प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में सत्र 2021--23 के छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी में बने मॉडल और प्रोजेक्ट को देखने के लिए गीतिलता हाई स्कूल के भी शिक्षक गण और छात्रों को आमंत्रित किया गया था । वहां के प्रिंसिपल नीलमोहन ब्रंजपुरान ने भी भावी शिक्षकों के द्वारा बनाए गए मॉडल की भूरी भूरी प्रशंसा की । विद्यार्थियों ने हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी डैम, पाषाण युग , मानव नेत्र, औद्योगिकीकरण में चीनी ,कारखाना, संसद भवन, माइक्रोस्कोप , ग्रामश्री, दो बैलों की कथा, संज्ञा, काल , कार्बन एटम, अव्यय, द रोड नॉट टेकेन, आधुनिक विश्व में चरवाहे, राष्ट्रीय प्रतीक इत्यादि विषयों पर मॉडल बनाया । इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में कॉलेज के सभी व्याख्यातागणों का सहयोग और योगदान रहा। सभी विद्यार्थियों को इस प्रदर्शनी में प्रेरित करने के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर भूपेश चंद्र यादव, डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉ सतीश चंद्र ,व्याख्याता रश्मि लुगून , व्याख्याता अमृता सुरेन, व्याख्याता जयश्री पंडा, व्याख्याता सुमनलता, व्याख्याता बबीता कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर मंजू गागराई, असिस्टेंट प्रोफेसर ऐश्वर्या कर्मकार, असिस्टेंट प्रोफेसर शीतल कुमारी, प्रकाश सिंह, राधे इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा । कॉलेज के सचिव गौरव कुमार बचन ने भी इस प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनायें प्रेषित की ।

## बैंक कर्मियों की बैंक में अनुपस्थिति पर ग्राहकों ने किया हंगामा

**भवनाथपुर।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक बुका शाखा के कर्मियों के नहीं रहने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को दर्जनों महिला-पुरुष ग्राहक बैंक में अपने कार्ययोजना के लिए पहुंचे थे। शाखा प्रबांक सहित अन्य कर्मियों के नहीं रहने के कारण काम नहीं होने से ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। ग्राहक अनिल राम, रामु मेहता, बुान कुमार गुप्ता, विद्यावती देवी, रंजीता देवी, कलावती देवी, गुड्डी देवी ने कहा कि 15 दिनों से प्रतिदिन हम लोग बैंक में आ रहे हैं। इस संबंध में शाखा प्रबांक शिव शंकर कुमार से संपर्क करने की कोशिश किया गया तो उनका मोबाइल स्विच अफ था। बैंक के क्षेत्रीय पदाकिारी शंकर चौारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि शाखा प्रबांक तबियत खराब होने के कारण छुट्टी पर है। सुचारू रूप से बैंक चलाने के लिए स्टाफ को जल्द भेज कर ग्राहकों की परेशानियों को दूर की जाएगी।

## घाघरा में पांच घंटे सड़क को सुरक्षा के नाम पर रोके जाने पर लोगों ने काटा बवाल

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के नाम पर 1:00 बजे से यात्री वाहन को खड़ा किए जाने के बाद यात्रियों का सब्र का बांध जब टूटा तो जमकर बवाल काटा गया। पुलिस पदाधिकारियों के सामने आकर अपने बच्चों को गोद में लेकर बोले कि हमारे बच्चे सुबह से भूखे हैं। हमें क्यों रोका गया है जब मुख्यमंत्री को इतना लेट से आना था तो कम से कम 1 घंटे पहले रास्ता रोकना चाहिए था।

### 45 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं तो 50 प्रतिशत महिलाएं खून की कमी से ग्रसित, खतियानी जोहार यात्रा में महंगाई को लेकर मुख्यमंत्री ने घेरा केंद्र सरकार को

# राज्य में कुपोषण का आंकड़ा देख मेरी नींद उड़ गयी : मुख्यमंत्री

## सीएम ने कहा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना संचालित कर पुरानी परंपरा को जीवित करने का किया गया प्रयास






कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री व अन्य, मुख्यमंत्री का स्वागत करते लोग, मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री, गार्ड ऑफ ऑनर लेते मुख्यमंत्री।






कार्यक्रम स्थल की ओर जत्था बनाकर पहुंचे लोग, कार्यक्रम स्थल में प्रवेश से पूर्व लोगों की जांच करते सुरक्षा कर्मी, हेलीकॉप्टर देखने के लिए लगी भीड़, कार्यक्रम स्थल पर चर्चा करते डीसी व एसपी।



घाघरा में मुख्यमंत्री का स्वागत करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में कुपोषण की व्यवस्था ने हमारी नींद उड़ा दी है। राज्य में 45 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं तो 50 प्रतिशत महिलाएं खून की कमी से ग्रस्ति हैं। जिसका कारण हमारी गलती है। राज्य के किसान शार्ट कट तरीके के कारण अपनी पुरानी व्यवस्था भूलते जा रहे हैं। श्री सोरेन ने कहा कि जब सब कुछ भगवान भरोसे ही चलेगा तो सरकार बनाने की क्या जरूरत है। अस्सी साल पहले गांव में गाय, बैल, सुअार, मुर्गी आदि पालने की परंपरा थी। जिसे हमें हर तरह के पौष्टिक आहार मिल जाता था। लेकिन यह परंपरा खत्म होते ही आज बच्चे कमजोर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन योजना आरंभ कर पुरानी परंपरा को जीवित करने का प्रयास किया। साथ में लोगों को पशु शेड भी दिया। श्री सोरेन ने कहा कि गरीबों का साथ अब भगवान भी नहीं दे रहे हैं। जब हमने किसानों को खाद बीज दिया तो अच्छी वर्षा नहीं हुई। जिसे किसान खेती नहीं कर पायें। किसानों के मदद के लिए हमने बिरसा हरित ग्राम योजना चलाया। उन्होंने कहा कि बैंक से लोन आदिवासियों को नहीं मिलता है इसलिए हमारी सरकार ने बिना गारेंटी के उन्हें पैसे उपल्बध कराने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को लेकर किसी को भ्रम नहीं होनी चाहिए। आंगनबाड़ी सेविका सहिया भी योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से हड़िया दारू बेचना बंद करने की अपील की। सरकार उन्हें रोजगार मुहैया कराएगी। श्री सोरेन बढ़ते महंगाई पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि आज सरसों तेल दो सौ रूपया, दाल सौ रूपया, गैस सिलेंडर 12 सौ रूपया,पेट्रोल सौ रूपया व नमक भी 25 रूपया में मिल रहा है। ऐसे में गरीबों का उत्थान कैसे होगा। ट्रेन के प्लेट फार्म की टिकट भी 25 रूपया हो गया है। उन्होंने कहा कि अब पेड़ कटाई व उद्योग लगाने के लिए ग्राम सभा की अनुमति नहीं ली जाएगी। जिसको लेर हमने वनाधिकार कानून में हुए संशोधन का विरोध किया है।

विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा निहाय ही जरूरी था। क्योंकि भाजपा के लोग राज्य में कागज के नाव से दरिया पार करना चाहते थे। यहां के लोगों को भाजपा ने दरिया में ढकेलने का काम किया। राज्य के सावा तीन करोड़ झारखंडियों का क्ष्याल हेमंत सोरेन सरकार ने रखी और उनकी उम्मीदों पर हर संभव खरा उतरी। श्री तिर्की ने कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा को जमीन खोदकर दफना देना है।

विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाये गये सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का रिस्पांस पूरे जिले में अच्छा मिला है। गरीबों का काम उसके गांव में हुआ। पहले लोग कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते थे लेकिन काम नहीं हो पाता था। श्री सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनता से मिले अपार प्रेम से बना है कोई विधायक खरीद कर नहीं बनाया गया है। इस सरकार को कोई हिला भी नहीं पाएगा।

**दो घंटे विलंब से पहुंचे मुख्यमंत्री :** गुमला शहर के हवाई अड्डा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निर्धारित समय दो घंटे विलंब से पहुंचे थे। अपराह्न दो बजे मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां एक चक्र परिक्रमा के बाद हेलीकाप्टर लैंड किया। हैलीकाप्टर से उतरते ही मुख्यमंत्री का उपायुक्त व जिले के अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। जिसके बाद महिलाओं व युवतियों के बाद सीएम को परिघाते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया।

**मधुर मंसुरी जैसे कलाकारों ने मंच से किया झारखंडी संस्कृति का बखान :** खतियानी जोहार यात्रा के मंच से मधुर मंसूरी, जानकी देवी व दीपमाला जैसे ख्याति प्राप्त कलाकारों झारखंड की कला संस्कृति व परंपरा का बखान किया। वहीं राज सरकार के कार्यों का जनता के समक्ष उल्लेख करते दिखे। कलाकार अपने बातों से विपक्षी दल पर तीर कमान से हल्ला करते रहे और खतियानी जोहर यात्रा के उद्देश्य को जनता के समक्ष रखा। कलाकार अपने गीतों से समा बांध दिया और और सरकार के तीन सालों के कार्यकाल का बखूबी बखान किया।

**चप्पे-चप्पे पर था सुरक्षा का व्यापक इंतजाम :** खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को लेकर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा की व्यापक इंतजाम किया गया था। कार्यक्रम स्थल से लेकर शहर के चौक चौराहा में सुरक्षा कर्मी तैनात थे। कार्यक्रम स्थल पर एसपीजी सुरक्षा के साथ मुख्यमंत्री के लिए कई चक्र सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम स्थल आने वाले लोगों को पूरी तरह से जांच करके ही प्रवेश करने दिया जा रहा था। इधर शहर के सिसई रोड को जोड़ने वाले सभी मार्गों को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सील कर दिया गया था। कोई भी ऐसा मार्ग नहीं था कि लोग इधर-उधर जा सके। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एसपी ऐहतेशाम वकारिव स्वयं संभालकर घूम-घूम कर जायजा लेते रहे और और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते दिखे। वहीं उपायुक्त भी हैलीपैड व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल की स्वयं निगरानी करते दिखे।

**मुख्यमंत्री के भाषण सुनने से अधिक हेलीकाप्टर देखने में लोगों ने दिखायी दिलचस्पी :** खतियानी जोहार यात्रा में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों कर दिलचस्पी मुख्यमंत्री के भाषण से अधिक हेलीकाप्टर देखने में थी। यही कारण है कि मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान पीछे की सभी कुर्सियां खाली थी और हैलीपैड में हेलीकाप्टर देखने के लिए ग्रामणों की भीड़ लगी हुई थी। मानो ऐसा प्रतीत हुआ कि मुख्यमंत्री के भाषण से लोग उब चुके हैं।

## हेमंत सोरेन के कार्य से राज्य में भाजपा की जमीन खिसकी : बंधु तिर्की

कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य में 14 से 15 वर्षों तक भाजपा की सरकार रही लेकिन आदिवासी हित में एक कानून भी नहीं बनाया। जबकि तीन साल में हेमंत सोरेन की सरकार ने खतियानी, सरना कोड सहित कई कानून पारित कर आदिवासियों के हित में काम किया है। विपक्ष में दम है तो इन कानूनों को केंद्र से पारित कराकर यहां के आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाये। पूर्व की भाजपा सरकार ने कानून के नाम पर सीएनटी एक्ट को तोड़ने का काम किया। श्री तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्य से राज्य में भाजपा की जमीन खिसक गई है।



संवोधित करते बंधु तिर्की।

### पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं व पुरानी पेंशन
## मांगों को सरकार ने किया पूरा : सत्यानंद

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 22 वर्षों में झारखंड का हाल बेहाल हो गया था। लेकिन तीन साल में हेमंत सोरेन सरकार ने विकास के अनेकों कार्य कर राज्य को खुशहाली की ओर ले चले हैं। हेमंत सोरेन के सरकार में पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, पुरानी पेंशन की मांग को पूरा किया। राज्य में 17 हजार 572 शिक्षकों की बहाली की। अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी को दूर किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि हर हाल में झारखंड वासियों के जीवन स्तर में सुधार हो। श्रम विभाग भी मजदूरों को कई सुविधाएं मुहैया करा रही है। मजदूर अपना निबंधन कराकर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।



मंत्री सत्यानंद भोक्ता।



कार्यक्रम में उमड़ी भीड़।

## कार्यक्रम में ये थे मौजूद

कार्यक्रम में यूपीए गठबंधन से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, चुमनू उरांव, रोशन बरवा, योगेंद्र प्रसाद, रंजीत सिंह, मो. अनवर, रमेश कुमार चीनी, अकील रहमान, दीपनारायण उरांव, कलीम अख्तर, नुरूल होदा, मानिक चंद साहु, रोहित उरांव, राजनील तिग्गा, भैया राम उरांव, मुरली मनोहर प्रसाद, आशिक अंसारी, मो. मुख्तार आलत, खालिद शाह, अमृता भगत, मो. लड्डन, संतोष गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### झलकियां

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंच से उतरकर नीचे बैठे नागपुरी कलाकार पद्मश्री मधुर मंसुरी को मंच तक लाया
- मुख्यमंत्री और विधायकों के साथ मंच पर जा रहे नेताओं को पुलिस ने रोका
- विधायक भूषण तिर्की अपने समर्थकों को बुलाने के लिए बार-बार सीएम के पीए से बात करते दिखे
- कुड़ुख भाषा में विधायक ने मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए महिलाओं को आमंत्रित किया
- मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर देखते ही कार्यक्रम स्थल पर बैठे लोग कुर्सी से उठकर पीछे देखने लगे
- विधायक भूषण तिर्की ने अपने भाषण में बार-बार भाईयो बहनों का उच्चार कर भाजपा पर किया हमला
- खतियानी जोहार यात्रा में भाजपा पर जमकर नेता बरसे, हर नेता विपक्ष को लिया आडे हाथ

# खतियान जोहार यात्रा कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। लोहरदगा जिला के सम्हारणाल्य मैदान में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आज13 दिसंबर को खतियान जोहार यात्रा होगी। जिले में दो दिवसीय दौरे पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को गुमला में आयोजित कार्यक्रम के बाद सड़क मार्ग से देर शाम लोहरदगा पहुंचेंगे। जहा सीधे परिसदन पहुंचेंगे। जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लोहरदगा जिला में कंबल वितरण सहित कई कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 12 दिसंबर को लोहरदगा के परिसदन में रात्रि विश्राम कर 13 दिसंबर को खतियान जोहार यात्रा में शामिल होंगे। वही खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम के बाद गुमला और लोहरदगा के अधिकारियों से विकास को लेकर मुख्यमंत्री जिला परिषद परिसर में समीक्षा बैठक करेंगे साथ ही सदर अस्पताल और कई सरकारी दफ्तरों का निरीक्षण भी करेंगे। जिले में जगह जगह पर जोहार यात्रा को लेकर पोस्टर बैनर लगाई गई हैं। वही मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान जिले में कई सौगातो का बौछार भी करेंगे।



सम्हारणालय मैदान में बन रहा पंडाल

# रांची लोहरदगा पथ को किया दुरुस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** सरकारी मशीनरी के कामकाज से हर कोई वाकिफ है। सरकार व पदाधिकारी लाख हिदायत दें लेकिन इंजीनियर, ठेकेदार अपनी मनमानी से बाज नहीं आते। लेकिन, जब बात मुख्यमंत्री की आती है तो व्यवस्थाएं रातों-रात दुरुस्त हो जाती हैं। सीएम हेमंत सोरेन के खात्यानी जोहार यात्रा के तहत लोहरदगा अगमन से ठीक पहले ऐसा ही देखने को मिला। लोगों को भरपूर बिजली मिली तो सड़कों से गंदगी नदारद थी। लोहरदगा रांची पथ के गढ्ढे भर कर सड़क की मरम्मत कर दिया गया। रविवार सोमवार को सभी कर्मी अधिकारी भी दिनभर घूम-घूमकर तैयारियों का जायजा लेते रहे। यह सिस्टम देखा ग्रामीणों की जुबां पर बस यही बात थी, काश, सीएम हर महीने आने की दस्तक दें।



सीएम के आगमन को लेकर बनी सड़क।

# 33वां प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में आयोजित 10 दिसंबर से चल रहे खेलकूद समारोह का सोमवार को शानदार समापन समारोहपूर्वक हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के सचिव अजय कुमार तिवारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने की। आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छह विद्यार्थी लोहरदगा में आयोजित 33वां प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्या विकास समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से 400 मीटर दौड़ में अनिकेत उरांव, 200 मीटर दौड़ में हर्ष राज, एक सौ मीटर में आदित्य, ऊंची कूद में साहिल, दो सौ मीटर दौड़ में रीमा व एक सौ मीटर दौड़ में साक्षी ने भाग लिया था। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



विजेता बच्चे।

## जागरूकता अभियान चलाया गया

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सांसद आदर्श ग्राम बदला में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध महिला विकास मंडल की ओर हर पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गाँव में महिलाओं को जागरूक करते हुए भ्रूण हत्या एवं लिंग जांच को गलत व कानूनी अपराध बताते हुए जागरूक करने का कार्य किया गया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध आवाज बुलंद करने को लेकर शपथ दिलाया गया। आयोजित कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व महिला विकास मंडल के प्रखंड समन्वयक प्रीति कुमारी एवं सहयोगी प्रतिमा कुजूर, पूनम टोप्पो, सुरमिला उरांव, फुलमैत देवी, फुलकुमारी देवी साथ ही बदला नवा टोली के 10 महिला समूहों सदस्य द्वारा किया जा रहा है।

### चुन्नी लाल विद्यालय के वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन
# शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियां भी जरूरी: डीइओ





प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि, नृत्य प्रस्तुत करतीं बच्चियां।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहर के उपर बाजार स्थित राजकीय कृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय में सोमवार को वार्षिक समारोह सह एग्जीबिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर मौजूद थी। इस कार्यक्रम की शुरूआत एग्जीबिशन के शुभारंभ से हुआ। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा साइंस और कॉमर्स के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल को देखा और समझा कि कैसे विभिन्न प्रोजेक्ट किस तरह से कार्य करते हैं। मौके पर डीईओ के द्वारा साइंस और कॉमर्स के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट तथा बच्चों का अपने प्रेरणादायक शब्दों से उनका उत्साहवर्धन भी किया इसके पश्चात जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा वार्षिकोत्सव की दीप प्रज्वलन कर शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन मानसी भारती और प्रियंका कुमारी के द्वारा किया गया। यह वार्षिकोत्सव विद्यालय में पहली बार आयोजित किया गया।जिसमें पहली बार बच्चों के द्वारा ही मंच संचालन से लेकर अन्य कार्यक्रम का प्रबंधन किया गया।

स्पीड न्यूज

## टंडवा में बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा चोरी करने वालों के विरुद्ध हुई प्राथमिकी दर्ज। सोमवार को बिजली विभाग के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता हजारीबाग के पत्रांक संख्या 2612 दिनांक 7 दिसम्बर के निर्देशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें मंटू कुमार सहायक विद्युत अभियंता चतरा, द्वेरी महतो, कुशल कारीगर टंडवा एवं ईश्वर कुमार प्रजापति आदि सम्मिलित थे। छापामारी अभियान टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खधैया, उरदा एवं सान्हा आदि गांव में किया गया जिसमें इस दौरान अवैध तरीके से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए जवाहर महतो को 15700 संतोष राणा को 5000 रुपये महाबीर राणा को 5000 एवं सुरेंद्र महतो को 5000 इस प्रकार से कुल 9 लोगों को चिन्हित किया गया एवं उनके ऊपर फाईन का काटा गया। ततपश्चात प्राथिमिकी दर्ज को लेकर थाना में आवेदन दिया गया।

## 200 गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण

**रंका।** रंका कला पंचायत के पंचायत भवन में सोमवार को बढ़ रहे ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान उप प्रमुख अनुभा सिंह, रंकाकला मुखिया सबिता गुप्ता ने संयुक्त रूप से लगभग 200 गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया।

## स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार घायल, रेफर

**गढ़वा।** गढ़वा–चिनियां रोड में मेराल थाना क्षेत्र के पेशका गांव के समीप अज्ञात स्कार्पियो के धक्के से मोटरसाइकिल सवार मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी प्रदीप पाल व संजीव पाल घायल हो गए। जानकारी के अनुसार प्रदीप पाल व संजीव पाल एकही मोटरसाइकिल से पेशका गांव से घर लौट रहे थे। इस दौरान अज्ञात स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। आसपास के ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप पाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## दुर्घटना में दो घायल

**गढ़वा।** गढ़वा–मझिआंव मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के जोबरईया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में मझिआंव थाना क्षेत्र के आमर गांव निवासी श्याम नारायण चंद्रवंशी व रंजीत कुमार गंभीर रुप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार श्याम नारायण चंद्रवंशी व रंजीत कुमार रविवार की रात को एक ही मोटरसाइकिल से गढ़वा से घर लौट रहे थे। इस दौरान जोबरईया गांव के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद उस ओर से गुजर रही पुलिस ने पीसीआर वैन से दोनों घायलों को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

## इनकम टैक्स डिपार्टमेंट करेगा नोटिस

**चतरा।** सदर अस्पताल में कार्यरत एनआरएचएम कर्मियों का टीडीएस जमा करने की तिथि की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। अगर समय रहते 31 दिसंबर तक टीडीएस जमा नहीं किया गया तो एनआरएचएम कर्मियों पर आफत आन पड़ेगी। बताते चलें कि डीपीएम अनिल कुमार बारला के द्वारा करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वर्ष 2021–2022 के टीडीएस की फायलिंग अब तक नहीं की गई है। अगर डीपीएम के द्वारा 31 दिसंबर तक टीडीएस की फायलिंग नहीं की गई कर्मियों की मेहनत की कमाई न सिर्फ डूब जायेगी बल्कि टैक्स एमाउंट की राशि का 12 प्रतिशत की दर से सालाना जुमार्ना भरना पड़ेगा। बात यहीं खत्म नहीं होती है टीडीएस रिटर्न की राशि अगर 31 दिसंबर तक नहीं जमा किया गया तो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट एनआरएचएम कर्मियों को नोटिस भी भेजेगा। अगर जिले के साथ साथ विभाग के वरीय अधिकारी डीपीएम के इस लापरवाही और तानाशाह रवैए पर रोक नहीं लगाते हैं तो एनआरएचएम कर्मियों के लाखो रुपए की मेहनत की कमाई डूब जायेगी।

### खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

# खेल से शरीर पुष्ट और मस्तिष्क तेज होता है : उपायुक्त

### फाइनल मैच कल बागीटांड़ स्टेडियम में जयनगर एवं कोडरमा के बीच खेला जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना कोडरमा के तत्वावधान में स्थानीय बागीटांड स्टेडियम में जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता सोमवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने खेल की महत्ता पर विशेष जानकारी देते हुए कहा कि पढाई के साथ साथ जीवन में खेल का काफी महत्व होता है, खेल से शरीर पुष्ट और मस्तिष्क तेज होता है। नियमित रूप से खेल खेलने से चारित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि पढाई के साथ साथ खेलों में भी बेहतर कैरियर की संभावनाएं है, ऐसे में हमें अनुशासन में रह कर बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की जरूरत है, ताकि आगे की स्पर्धाओं में और अधिक बेहतर प्रदर्शन कर सके। वहीं पहला मैच बालक वर्ग मरकच्चो एवं चंदवारा के बीच खेला गया, जिसमें चंदवारा ने 2-0 से बढ़त बनाकर सेमीफाइनल में अपना जगह पक्का कर लिया। दूसरा मैच बालिका वर्ग का चंदवारा एवं कोडरमा के बीच खेला गया, निर्धारित समय में कोई भी गोल नहीं हो सका, पेनाल्टी शूटआउट में कोडरमा ने चंदवारा को 3-2 से हराया। वहीं तीसरा मैच कोडरमा एवं सतगावां के बीच (बालक वर्ग का मैच) खेला गया, जिसमें कोडरमा ने दो एवं सतगावां ने एक गोल किया। 2-1 से जीतकर कोडरमा ने फाइनल में अपनी जगह पक्का किया। वहीं बालक वर्ग का फाइनल कोडरमा व जयनगर के बीच खेला जाएगा ( बालक वर्ग में,) चंदवारा एवं जयनगर के बीच खेला गया। बालिका वर्ग का फाइनल चंदवारा एवं कोडरमा प्रखंड के बीच स्थानीय बागीटांड स्टेडियम में खेला जाएगा। निर्णायक की भूमिका में नागेश्वर राणा, सोनू कुमार, संतोष यादव मैच का सफल संचालन करने में शारीरिक शिक्षा संजय कुमार यादव, अजीत कुमार, दिनेश कुमार सिंह, अर्चना कुमार कुमारी सिंह, नूतन पांडे, प्रतिभा शर्मा एवं मंच संचालन राजेश्वर पांडे शिक्षक कर रहे थे। बताते चलें कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के बालक एवं बालिका वर्ग की विजयी टीम भाग ले रही है। जिला स्तर पर विजयी टीम प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, अनुज कुमार आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनीं मीरा




खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) का 6 से 9 दिसम्बर तक तमिलनाडु के मदुरै में संपन्न। दशवें राष्ट्रीय सम्मेलन में स्थानीय नेत्री और झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी आंगनबाड़ी फेडरेशन (सीटू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य चूनी गई। ज्ञात हो कि सम्मेलन में 75 सदस्यीय कमिटी में उषा रानी अध्यक्ष, एआर सिन्धु महासचिव और अंजु मैनी कोषाध्यक्ष चूनी गई। इसके लिए आंगनबाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद व जिला सचिव वर्षा रानी ने बधाई दी है। झारखंड का प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सीटू के राज्य सचिव और आंगनबाड़ी संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि सम्मेलन में न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर संघर्ष तेज करने का प्रस्ताव पारित किया।

## डायरेक्टर इन चीफ ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** डायरेक्टर इन चीफ (डीआईसी) डॉ. कृष्ण कुमार ने सोमवार को पूर्व में प्रसव के दौरान हुए दो बच्चों के मौत मामले में जांच को लेकर सदर अस्पताल कर्मियों को कार्यालय में बुलाकर जांच की गयी। इसके बाद उन्होने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के अलग-अलग वार्डों में जाकर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों को सही तरीके से ईलाज, दवा और खाना आदि मिल रहा कि नहीं, इसकी भी जानकारी ली। साथ ही उन्होने कहा कि पूर्व में निरीक्षण के दौरान दिये गये निदेश का अनुपालन बेहतर तरीके से किया गया एवं बेतर सेवा दिया जा रहा है। साथ उन्होंने उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार को आयुष्मान भारत के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों को उपचार का निदेश दिया, जिससे गरीब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

**स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास जारी :** निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बात चीत करते हुए डायरेक्टर इन चीफ डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शुमार है। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

## सीओ व थाना प्रभारी ने किया प्रचार प्रसार

**भवनाथपुर।** सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव व थाना प्रभारी सतीष कुमार महतो ने सोमवार को ब्लक गेट से बाजार होते हुए कर्पूरी चौक तक अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर वनि यन्त्र से प्रचार प्रसार व फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से 24 घण्टे के अंदर अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया। अन्यथा कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। साथ ही अरसली उतरी पंचायत में भी ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों के द्वारा लिखित शिकायत पर गांव पहुंचकर प्रचार प्रसार करते हुए लोगों से स्वेच्छा से अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया। इस बीच उन्होंने सड़क के किनारे बाजार में अन्य कारणों से अतिक्रमण कारियो को अतिक्रमण मुक्त करने की चेतावनी दिया है।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम समीप जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में जन योजना अभियान (हमारी योजना हमारा विकास) 2022-23 अन्तर्गत प्रखण्ड संसाधन दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान शामिल हुए तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी प्रशिक्षु ईमानदारी एवं लग्नता से प्रशिक्षण लेकर पंचायत स्तर पर पंचायत संसाधन दल को भी कुशलता से प्रशिक्षण देंगे ताकि योजनाओं को सफल बनाया जा सके। बताते चले कि गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला एवं बाल हितैषी गांव इन सभी नौ योजनाओं के चयन एवं सफल बनाने को लेकर आज प्रखण्ड संसाधन दल को प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। यह दल प्रशिक्षण के पश्चात पंचायत स्तर पंचायत संसाधन दल को प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे। जिसके पश्चात नियमानुसार योजनाओं का चयन का कार्य किया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पुर्णिमा कुमारी, जिला पंचाती राज विभाग के डीपीएम सुनील कुमार सिंह, प्रखण्डों के बीपीआरओ, बीपीओ, प्रखण्ड समन्वयक, पंचायती राज बीपीएम, जेएसएलपीएस समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस को मिले ब्लड कलेक्शन वैन समेत लाखों के सामान

**चतरा।** रेड क्रॉस सोसाइटी भवन को दिल्ली हेडक्वार्टर ने फिर करीब एक लाख का सामान उपलब्ध कराया है। उपलब्ध कराए गए वस्तु में ब्लड कोच, प्लाज्मा सेप्रेटर, ट्यूब्सिलर आदि वस्तुएं शामिल हैं। यह सामान मरीजों से लिए गए रक्त को सुरक्षित रखने एवम रक्त की प्लाज्मा को अलग करने के साथ साथ लिए गए रक्त को सुरक्षित रखने वाला ट्यूबशिलर सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराए हैं। उक्त आशय की जानकारी रेड क्रॉस के सचिव राज कुमार अग्रवाल ने दी। बताते चलें की हेडक्वार्टर द्वारा उपलब्ध कराया गया ब्लड कलेक्शन वैन झारखंड में रांची के बाद चतरा जिला को ही दिया गया है। शेष जिलों में यह वाहन किसी को नशीब नहीं हुआ है।

## सीआरपीएफ कमांडेंट का हुआ स्थानांतरण, दी गयी विदाई



कमांडेंट को विदाई देते सूबेदार मेजर दीपक कुमार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार झा का स्थानांतरण गुरुग्राम हरियाणा में हो गया है। सोमवार को सीआरपीएफ 172 बटालियन कैंप में उन्हें विदाई दी गई।

आशीष कुमार झा 2019 से 10वें कमांडेंट के रूप में गढ़वा आए हुए थे। मौके पर सीआरपीएफ के पदाधिकारियों ने कहा कि कमांडेंट आशीष झा के गढ़वा स्थानांतरण के बाद कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ में सफल ऑपरेशन कर सीआरपीएफ एवं पुलिस कैंप की स्थापना एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी। पदाधिकारियों ने कहा कि उनके द्वारा गढ़वा में जिला प्रशासन स्थानीय पुलिस, विभिन्न खेल समूह, सामाजिक कार्यकर्ता सहित जनप्रतिनिधियों के बीच अच्छी छवि थी। सभी लोग उनके कार्यकलाप का प्रशंसा करते हैं। कमांडेंट आशीष कुमार झा ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। उसी के तहत स्थानांतरण नए जगहों पर हुआ है।

## 21 दिसंबर से होगा 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल लोग।

**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर शहर के सहिजना स्थित एएसडी प्ले स्कूल में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोरोना के कारण दो वर्ष बाद 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 दिसंबर से शुरु करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता को तीन ग्रुप में आयोजित किया जायेगा। जूनियर वर्ग में वर्ग छह से आठ तक के छात्र भाग ले सकते हैं। वहीं सीनियर वर्ग में दसवीं तक के छात्र शामिल हो सकते है। बालिका वर्ग में दसवीं तक की छात्राएं शामिल हो सकती हैं। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क 3500 रूपये रखा गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 18 दिसंबर है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले टीम अपने पंद्रह सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों का दो फोटो और आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी या ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते है। विशेष जानकारी के लिए सह सचिव प्रिंस सोनी के मोबाइल नंबर 9955231755 और कमलेश दुबे के मोबाइल पर संपर्क कर सकते है। मौके पर संरक्षक श्री पांडेय ने कहा कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को आगे लाना और खेल का विकास करना मुख्य उद्देश्य है। इस बार खेल के पूर्व खिलाड़ियों की काउंसलिंग करने पर भी विचार कमिटी कर रही है। ताकि खेल के अनुशासन को खिलाड़ी अपने जीवन मे उतारकर अपना और समाज एवं देश का भला कर सकें। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि यह प्रतियोगिता राज्य की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता है। बैठक में कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, धनंजय सिंह, सियाराम शरण वर्मा, जितेंद्र सिंह, कमलेश सिन्हा, अशोक विश्वकर्मा, चंद्र भूषण सिन्हा, नवनीत शुक्ला, पीके दुबे, दीपक, पंकज सोनी, आयुष तिवारी, सोनू, मनोज तिवारी, सुशांत, मनीष पाठक, आशुतोष सिन्हा, प्रवीण मिश्रा, अमित उपाध्याय, मनीष उपायाय, रोहन तिवारी, आलोक गुप्ता, हेमंत, प्रिंस खान, सूर्य प्रकाश, आदित्य तिवारी, अश्विनी चौबे, शुभम कुमार आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चतरा नगर इकाई के द्वारा कॉलेज में बीसीए और स्नातकोत्तर में शिक्षकों की कमी को दूर करने,कॉलेज में नियमित कक्षा का संचालन हेतु व कॉलेज में सफाई की व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था के लिए कॉलेज के प्राचार्य आर.पी.राय को मांग पत्र सौंपा। विभाग संयोजक रोहित पांडे ने बताया कि कॉलेज में बीसीए और स्नातकोत्तर में शिक्षकों की कमी को दूर करने,कॉलेज में नियमित कक्षा का संचालन हेतु व कॉलेज में सफाई की व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चतरा नगर इकाई ने प्राचार्य आर.पी.राय को मांग पत्र सौंपा है।

मांग पूरी नहीं होने पर विद्यार्थी परिषद छात्रों के लिए आंदोलन करेगी। मौके पर विभाग संयोजक रोहित पांडे,एस एफ डी प्रमुख रौनक सिंह, शिव शंकर पाण्डेय, प्रियांशु कुमार, अर्णव कुमार,अनुराग राज,आशीष कुमार, चन्दन रावय समेत अन्य छात्र मौजूद थे।

## एटक नेता बिनोद बिहारी का आमरण अनशन शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में हुए घोटाले के विरोध में सोमवार को एटक नेता विनोद बिहारी पासवान का आमरण अनशन शुरू हो गया है। आमरण अनशन का पुंडरा मुखिया विनोद महतो, पीरी मुखिया उमेश राम, सेरनदाग मुखिया इफ्तेशाम प्रवीण, चोपे मुखिया प्रिया कुमारी, बानासाड़ी के पंस सदस्य भोला सिंह और पगार के पंस सदस्य परमेश्वर यादव ने समर्थन जताया है। इसके अलावा चतरा के समाजसेवी बद्री वर्मा और नारीवादी नेत्री सविता बनर्जी ने भी आमरण स्थल पर पहुंच कर समर्थन व्यक्त किया। इधर भाजपा के मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह और सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने एटक नेता से मुलाकात की और और पूर्ण समर्थन जताया। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली भी अनशन स्थल पर पहुंचे और एटक नेता की स्वास्थ्य जांच की। आमरण अनशन का समर्थन करने वाले जनप्रतिनिधियों ने अनाज घोटाले पर रोष व्यक्त किया और इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की। अनशनकर्ता एटक नेता ने कहा कि अनाज घोटाले की निष्पक्ष जांच करने, प्रभारी एमओ को पद मुक्त करने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होने तक आमरण अनशन जारी रहेगा। गरीबों का अनाज किसी भी हालत में लूटने नहीं दिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रखंड में नवंबर माह के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का अनाज लाभुकों से अंगूठा लेने के बाद गबन कर लिया गया है।

## ससमय योजनाओं को करें पूर्ण : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राज्य योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत योजनाओं के चयन हेतु जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त अनावद्ध निधि से कार्यान्वयन हेतु कुल 118 योजनाओं को रखा गया जिसमें चापाकल का अधिष्ठापन कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी का नव निर्माण, सोलर आधारित स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य, पर्यटक स्थलों में सिमेंटेड बेंच डेस्क का निर्माण, डैम/जलप्रपातों में सुरक्षा हेतु जैकेट, टार्च हेलमेट इत्यादि का क्रय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा प्राप्त योजनाओं, मिनी स्पोर्ट कॉम्पलेक्स समेत सभी योजनाओं को सर्वसम्मती से पारित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। साथ ही ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा अविक अंबाला समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गैरमजरूआ जमीन पर मार्केट कंप्लेक्स बनाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**कोडरमा।** नप झुमरीतिलैया की ओर से झुमरी पंचायत अंतर्गत ग्राम झुमरी स्थित जीएम लैंड पर प्रस्तावित मार्केट कंपलेक्स निर्माण का वहां के ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। इस मामले को लेकर रविवार को झुमरी गांव में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने शहरी क्षेत्र के बजाय ग्रामीण इलाके में मार्केट कंपलेक्स का निर्माण कराए जाने का विरोध किया।

## एसडीपीओ ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक



बैठक करते एसडीपीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** गढ़वा जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने भवनाथपुर थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में डायन-बिसाही, अंधविश्वास, सामाजिक त्रुटियों एवं क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब भट्ठी को लेकर एसडीपीओ ने केतार एवं भवनाथपुर प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों से कहा कि आज भी लोग भूत प्रेत जैसे अंधविश्वास पर विश्वास करते हुए अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से लोगो को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वास एवं भूत-प्रेत के चक्कर में नहीं पड़ें। अगर तबियत खराब हो तो अच्छे डक्टर से इलाज कराए। आज भी लोग झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ कर अपना जान गंवा देते हैं।

## स्पीड न्यूज

### अवैध कोयला लदा हाईवा जब्त, चालक गिरफ्तार


जब्त हाईवा।

**बालूमाथ।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद और उनकी टीम ने एक अवैध कोयला लदा हाईवा जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की लातेहार एसपी अंजनी अंजनी को सोमवार अहले सुबह करीब 5:00 बजे सूचना मिली थी की बालूमाथ से चंदवा की ओर एक अवैध कोयला लदा हाईवा जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया। और छापेमारी कर बालूमाथ चंदवा मुख्य पथ पर मकईयाटांड ग्राम के पास से वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया। चेकिंग के दौरान एक कोयला लदा हाईवा एनएल01एई1213 को पकड़ा गया। पकड़े गए हाईवा चालक से कोयला संबंधित कागजात की मांग की गई तो उसने समयावधि फेल होने के बाद का चालान दिखाया। जिसके बाद हाईवा को जप्त करते हुए चालक सोनू कुमार साव 26वर्ष पिता रामानंद साव खलारी, रांची निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं इस संबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 231/22 धारा 379,411,414 भा०द०वी 21 एमएमडीआर एक्ट 30(2) कोल माइन्स एक्ट एंड 13 झारखण्ड मिनरल रूलस के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई दुती कृष्ण महतो, कैलाश बाड़ा एवं सशत्र बल के जवान शामिल थे।

### हिंडालको के रक्तदान शिविर में 18 यूनिट रक्त संग्रह हुआ

**चंदवा।** चंदवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हिंडाल्को चकला कोल माइंस व ब्लड बैंक सदर अस्पताल लातेहार के द्वारा सोमवार को स्वेक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हिंडाल्को के कर्मियों समेत कुल 18 रक्तविरो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्त वीरों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर सीएचसी प्रभारी नंद कुमार पांडेय, हिंडालको के डॉक्टर सौरभ कुमार, ब्लड बैंक के विनय कुमार सिंह, सुरेंद्र बड़ाइक, चंदन कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### शक्तिपुंज एक्सप्रेस से गिरकर तीन घायल, एक गंभीर

**छिपादोहर।** छिपादोहर रेलवे स्टेशन में शक्तिपुंज एक्सप्रेस से गिरकर 3 महिलाएं घायल हो गईं। घायलों में सुनीता देवी निर्मला देवी और एक अन्य महिला शामिल हैं। इसमें सुनीता देवी गम्भीर रूप से घायल है। तीनो घायल महिलाएं हेहेगड़ा की रहने वाली हैं। जानकारी के अनुसार तीनो महिलाये बरवाडीह रेलवे स्टेशन में बीडीएम सवारी गाड़ी समझकर शक्तिपुंज एक्सप्रेस में चढ़ गई। ट्रेन को छिपादोहर स्टेशन में न रुकते देख कर तीनो महिलाएं चलती ट्रेन से कूद पड़ी कूदने में सुनीता गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही छिपादोहर थाना पुलिस सबइंस्पेक्टर काशी महली की अगुवाई में घटनास्थल पर पहुंची और घायलों का प्राथमिक उपचार करवाया और गम्भीर रूप से घायल को बेहतर ईलाज के लिए बरवाडीह भेजा।

### चंदवा ब्लॉक में जिप सदस्य के कार्यालय का उद्घाटन कल

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 14 दिसंबर बुधवार को जिला परिषद के कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा इस कार्यक्रम में पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी एवं पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी के अलावे गणमान्य मौजूद रहेंगे। प्रतिमा देवी ने बताया कि यहां कार्यालय खुलने से स्थानीय लोगों की समस्याओं को दूर करने में काफी मदद मिलेगी, पूरे प्रखंड के लोग अपनी समस्याओं के बाबत आवेदन यहां दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि जनकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास जारी रहेगा।

### सर्पदंश से महिला अचेत

**बालूमाथ।** बारियातू प्रखंड के गोनिया पंचायत निवासी सतेंद्र गंझु की पत्नी यशोदा देवी को जहरीला सांप काटने से अचेत हो गई। परिजनों द्वारा अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। परिजनों ने बताया कि यशोदा देवी खेत में काम करने गई थी वही जहरीला सांप ने काट लिया। जिससे वह अचेत हो गयी। फिहलाल महिला की स्तिथि ठीक बताई जाती है।

### मोटरसाइकिल के धक्का से तीन वर्षीय बालक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया ग्राम में सोमवार की संध्या लगभग 4:00 बजे अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से अशोक चौधरी का पुत्र कृष्णा चौधरी 3 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में कृष्णा चौधरी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि बसिया सड़क के किनारे अशोक चौधरी का घर है और बच्चा सड़क के किनारे खेल रहा था। इसी बीच एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने धक्का मारकर फरार हो गया।



## सीसीएल व अधिकारियों द्वारा भू-रैयतों व ग्रामीणों को नौकरी मुआवजा सहित अन्य मूलभूत सुविधा नहीं दिये जाने को लेकर अमरवाडीह पंचायत के ग्रामीणों ने की बैठक

# ग्रामीण सड़क पर उतर कर करेंगे आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत सीसीएल प्रभावित अमरवाडीह पंचायत के ग्रामीण सीसीएल व अधिकारीयों द्वारा भू-रैयतो व ग्रामीणों को नौकरी मुआवजा सहित अन्य मूल भूत सुविधा नहीं दिए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अमरवाडीह पंचायत के गोली टांड व फुलबसिया सहित अन्य टोलो के निवासियों ने बैठक कर उपरोक्त समस्या पर विस्तृत चर्चा किया। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगो की जमीन अधिग्रहण किये जाने के बाद सीसीएल यहां के निवासियों का दोहन करने की काम कर रही है। बैठक में उपस्थित महेंद्र गंझू, सोमनाथ गंझू, प्रभु गंझू, महेंद्र उरांव, प्रदीप गंझू, राजेश गंझू, हीरा गंझू सहित अन्य ने बताया कि एक ही जिला मे दो नियम के तहत वंशावली सत्यापन की जा रही है। बालूमाथ प्रखंड मे मात्र नया सर्वे से वंशावली सत्यापन किया जा रहा है और बारियातू प्रखंड में अंचलकर्मियो द्वारा सीएस भी मांगा जा रहा है जबकी आरएस खाता से सीसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण किया गया था। जो सबसे बड़ी परेशानी का सबब बनता जा रहा है। सीसीएल से प्रभावित अमरवाडीह सहित आसपास के लोग नियमित पानी छिड़काव नहीं किए जाने से ग्रामीण उड़ते धूलकण से काफी परेशान रहते हैं। साथ ही बताया की सीसीएल द्वारा प्रतिदिन कोयला लदे सैंकड़ो वाहन से कोयला ढूलाई का कार्य किया जाता हैं। कोयला लदे वाहन मे त्रिपाल ढका नही रहने से कोयले की डस्ट धूल लगातार उड़ते रहती है। जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती।


बैठक करते ग्रामीण।

### दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है

सीसीएल द्वारा नौकरी मुआबजा, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा व्यवस्था, पानी छिड़काव, पेड़ पौधा लगाने का लंबे समय से सिर्फ आश्वासन मिलते आ रहा है लेकिन अभी तक कोई भी सुविधा नही मिल पाई है। अपना दुख दर्द सीसीएल के जीएम व पीओ के पास जाते हैं तो अधिकारी समस्याओं का समाधान का भरोसा दिया जाता है लेकिन धरातल में कोई पहल नहीं होता है। ग्रामीणों के अनुसार सीसीएल तीन बार यहां की भूमि को अधिग्रहण 1962, 2003 व 2017 मे किया गया है। लगभग चालीस वर्ष बीत जाने के बावजूद भी सीसीएल द्वारा नौकरी, मुआवजा सहित कोई सुविधा नहीं मिलने से यहां के लोग धूल फांकने पर मजबूर है। सीसीएल हो या अंचल विभाग के अधिकारी पुलिस विभाग सिर्फ यहां के लोगों को अधिकार दिलाने की जगह शोषण करने का काम कर रहे है। स्थानीय बेरोजगार भटक रहे हैं लेकिन बाहरी लोगों को काम दिया जाता है बाहरी लोगों को काम मिले उससे हमलोगो को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन स्थानीय युवाओं को भी रोजगार से जोड़ा जाये। ग्रामीणों ने बैठक में झारखंड सरकार से आग्रह करते हुए कहा की यदि ससमय समस्या का समाधान नहीं कराया जाता है तो हम सभी ग्रामीण बाध्य होकर सड़क मे उत्तर कर आंदोलन करेंगे। बारियातू प्रखंड मसह अंचल मे ताला भी लगा सकते है।

## जलमीनार खराब होने से पेयजल की किल्लत झेल रहे हैं ग्रामीण

➲ मुखिया से कई बार जलमीनार ठीक करवाने की गुहार लगा चुके हैं ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह/छिपादोहर।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर पंचायत के वार्ड संख्या चार में 14 वें वित्त से लगाया गया सोलर आधारित जलमिनार बीते एक माह से खराब है। इस जलमिनार पर लगभग चालीस घरों के लोग निर्भर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को भाजयुमो नेता अजय प्रसाद सोनी के नेतृत्व में जलमीनार के समक्ष तसला बाल्टी लेकर प्रदर्शन किया। जहां ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पंचायत के मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों को खराब जलमिनार को बनवाने की गुहार लगाई गई। बावजूद उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया। इस कारण वार्ड में रह रहे ग्रामीण को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पानी के लिए लोगों को इधर इधर-उधर भटकना पड़ता हैं। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से जल्द से जल्द जलमीनार को ठीक कराने की मांग की है, ताकि वार्ड के लोगों को पानी की समस्याओं से निजात मिल सकें। ग्रामीणों की शिकायत पर भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अजय प्रसाद सोनी ने वार्ड में पहुंच खराब पड़े जलमिनार का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में जलमीनार लगाने में भारी अनियमितता बरती गई है। कमीशनखोरी के चलते संवेदक द्वारा जलमिनारो में घटिया किस्म की सामग्री लगाया गया है। उन्होंने जिला उपायुक्त से मामले की शिकायत करने की बात कही है।


खराब पड़े जलमीनार के साथ वार्ड संख्या चार के ग्रामीण।

## एक नजर में

### वन अधिकार कानून की दी गयी जानकारी


जानकारी देते अधिकारी।

**चंदवा।** प्रखंड के बोरसीदाग गांव में सोमवार को वन अधिकार समिति के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान के अनुपस्थित रहने के बाद ग्राम सभा की अध्यक्षता वन अधिकार समिति के अध्यक्ष रामधन गंझू ने किया। ग्राम सभा मे वन अधिकार कानून 2006 एवं नियम 2008 संसोधित नियम 2012 की धारा 3 (1) के तहत व्यक्तिगत दावा करने के संबंध में चर्चा किया गया। ग्राम सभा मे दावेदारों ने दावा को लेकर अध्यक्ष व सचिव को आवेदन दिया। जिसे आगे की प्रक्रिया को लेकर अध्यक्ष व सचिव द्वारा वन विभाग व अंचल कार्यालय को भेजा जाएगा। ग्रामसभा में जंगल बचाने, व्यक्तिगत वन पट्टा को लेकर जानकारी भी गई गयी। मौके पर वन अधिकार समिति के सचिव सुधीर मुंडा, संतु भुइयां, महेंद्र भुइयां, भुनवा उरांव, शिव नारायण उरांव, चारो उरांव, जुगल लोहरा, प्रभु उरांव, दीपक उरांव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने पर्यटन के विकास को नेतरहाट के विभिन्न पर्यटन स्थलों का किया निरीक्षण

➲ कोयल व्यू प्वाइंट, सनसेट प्वाइंट, नेतरहाट डैम समेत अन्य पर्यटन स्थलों को विकसित करने हेतु पदाधिकारियों को किया निर्देशित

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव ने पर्यटन के विकास के लिए नेतरहाट के विभिन्न पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कोयल व्यू पॉइंट, सनसेट पॉइंट, नेतरहाट डैम समेत अन्य पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर वहां पर्यटकों के लिए सुविधा विकसित करने हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने नेतरहाट डैम का सौंदर्यीकरण कराने हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने कहा नेतरहाट में इको-टूरिज्म एवं कल्चरल टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु प्रयास किया जा रहा है ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने मोहनपाट में ग्रामीणों से बात कर उन्हें पर्यटकों के लिए होम स्टे की सुविधा विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त लातेहार ने महुआडांड़ स्थित साले कुटूदेरी डैम का भी पर्यटन के विकास के दृष्टिकोण से जायजा लिया। इस मौके पर उप निदेशक पीटीआर मुकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ अमरेन डांग, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पर्यटन शिवेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त के निर्देश पर डीडीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी, एससीए की बैठक संपन्न


समीक्षा बैठक करते डीडीसी व अन्य।

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी,एससीए के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पुल-पुलिया निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा की गई तथा बचे शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके। बैठक में पीसीसी सड़क, पुलिया निर्माण, तालाब, विद्यालय समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बंधन लांग, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मनरेगा लोकपाल ने किया सिंचाई कूप का निरीक्षण दोषी पाये जाने पर संबंधित कर्मियों पर होगी कार्रवाई

➲ अजय यादव, नान्हू यादव व प्रेम गंझू सिंचाई कूप निर्माण की हुई जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कई योजनाओं का जांच मनरेगा लोकपाल सन्तोष पांडेय ने किया। लोकपाल ने सर्वप्रथम घुरे ग्राम स्थित अजय यादव का सिंचाई कूप निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के द्वारा कुंआ की गहराई की जांच की गई। जिसमें कुंआ की गहराई 23 फिट पाया गया और कुंआ के बाहर फर्स नहीं बना पाया। उसके बाद प्रेम गंझू का सिंचाई कूप निर्माण की जांच की गई। जिसमें 24 फिट गहराई पाया गया और फर्स नहीं बना पाया गया। जिसमें लोकपाल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कुंआ में गुणवत्ता नहीं पाया गया। जांच चल रहा है दोषी पाए जाने पर सम्बंधित कर्मियों पर करवाई की जाएगी। तत्पश्चात घुरे ग्राम स्थित नान्हू यादव का सिंचाई कूप निर्माण की जांच की गई। लोकपाल ने बताया कि कुंआ को देखने से प्रतीत होता है कि यह कुआँ पूरी तरह अनुपयोगी है। कुंआ के बगल में टीसीबी योजनाओं की भी जाँच किया जिसको देखने से प्रतीत होता है कि वन विभाग में कटवाया गया है। हम इसमें कुछ नही कह सकते हैं वन विभाग का विषय है। साथ ही योजनाओं में जांच के दौरान किसी भी योजना में सूचना बोर्ड लगा हुआ नहीं पाया गया। जिसे देख मनरेगा लोकपाल ने काफी नराजगी जताई और एक सप्ताह के अंदर सभी संचालित योजनाओं में सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश बीपीओ को दिया। अंत में लोकपाल अभिलेख की जांच करने पंचायत सचिवालय हेरहंज पहुंचे जहां कई कागजात में संबंधित कर्मियों का हस्ताक्षर नहीं पाया गया। जिसपर लोकपाल से पूछे जाने पर बताया कि हम सभी कागजात की छायाप्रति ले लिए हैं। इसकी रिपोर्ट जिले को भेजी जाएगी। जांच के दौरान मुख्य रूप से मनरेगा लोकपाल संतोष पांडे, बीडीओ प्रदीप कुमार दास, बीपीओ राहुल राज, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई उपस्थित थे।


जांच करते अधिकारी।

### 150 लोगों का हुआ मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन


शिविर में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** आरोग्य भारती के तत्वावधान में जिला अंधापन नियंत्रण समिति और जीवन ज्योति ट्रस्ट के सहयोग से मनन चोटाग स्थित आदिम जनजाति अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजन कर 150 मरीजों का सफल ईलाज किया गया। ऑपरेशन के बाद सोमवार को मरीजों के बीच चश्मा तथा दवा वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित लातेहार के समाजसेवी मोती प्रसाद सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी के आंखों की रोशनी को लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि मोतियाबिंद जैसी बीमारी के कारण खासकर वृद्धों के जीवन में अंधेरा छा जाता है। ऐसे में इस प्रकार की सामाजिक संस्थाओं के द्वारा मोतियाबिंद का मुफ्त ऑपरेशन कर वृद्ध जनो के जीवन में उजाला करना महानतम कार्यों में से एक है। वहीं समाजसेवी सुनील कुमार शौंडिक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार समाज के सभी लोगों को करना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी डॉ अरविंद कुमार डॉक्टर संजना कुमारी समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी मरीजों के बीच चश्मा और दवा का वितरण किया गया।

### विद्यार्थियों को दें स्वच्छ भोजन : अश्विनी मिश्रा


प्रशस्त्री पत्र देते उपप्रमुख।

**चंदवा।** विद्यालय में बच्चों को पोषणयुक्त एवं स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए शिक्षा परियोजना द्वारा कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय चंदवा मे आयोजित कुकिंग कंपटीशन में चंदवा संकुल के सभी विद्यालयों के रसोइयो ने भाग लिया। अतिथियों द्वारा रसोईया के द्वारा बनाए गए मीनू के अनुसार भोजन को चखकर उनके गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही उन्हें बच्चों को भोजन परोसने के बारे में बताया गया। संकुल स्तरीय कुकिंग कंपटीशन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को प्रथम, मध्य विद्यालय चंदवा को दुसरा एवं ऊत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौदिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं संकुल स्तरीय कुकिंग कंपटीशन में चंदवा प्रखंड के उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा ने बताया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वच्छ एवं संतुलित आहार मिले। विद्यालय के रसोईया को होकर समर्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। रसोईया एवं विद्यालय के शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण खाना परोसने की अपील गई। कार्यक्रम में जिला स्वच्छ्ता समन्वयक संजीत कुमार, राम प्रसाद यादव, प्रतिक कुमार सिन्हा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। कुकिंग कंपटीशन का संचालन संकुल साधन सेवी विकास कुमार ने किया।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में ओवरऑल चैंपियन बना चंदवा

### चंदवा बालक वर्ग ने बारियातू व बालिका वर्ग ने बालूमाथ को किया पराजित



बालक वर्ग विजेता।


बालिका वर्ग विजेता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में चल रहे दो दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022-23 का समापन सोमवार को हो गया। बालक व बालिका दोनों वर्ग में चंदवा की टीम चैंपियन रही। बालक वर्ग में फाईनल मुकाबला चंदवा व बरियातू के बीच खेला गया, जबकि बालिका वर्ग चंदवा बनाम बालूमाथ की टीम के बीच खेला गया। दोनों ही वर्गों में चंदवा की टीम विपक्षी टीमों को धूल चटाने में सफल रही। फाइनल के मौके पर परियोजना निदेशक सह आईटीडीए निदेशक विन्देश्वरी ततमा एवं जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समापन के मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में छिपी प्रतिभाओं की पहचान को उक्त प्रतिस्पर्धा आयोजित की थी, जी काफी सफल रही, ग्रामीण क्षेत्र से एक से बढ़कर प्रतिभाएं सामने आयी है। उनके प्रतिभा को आगे मंच प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि जिला स्तर पर विजेता बनने वाली टीम राज्य स्तर पर लातेहार जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। मौके पर सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी व अन्य लोग मौजूद थे।

### रॉयल बजाज शोरूम में दो नये मॉडल पी-150 ट्वीन डिस्क और पी-150 की हुई लांचिंग


न्यू बाइक।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित माको मोड़ में रॉयल बजाज शोरूम में दो नये मॉडल पी-150 ट्वीन डिस्क और पी-150 सिंगल डिस्क नेक्स्ट जेनरेशन की लांचिंग की गई। मौके पर मैनेजर मंतोष उरांव ने बताया कि रोयल बजाज शोरूम में ये दोनो मॉडल सभी रंग में उपलब्ध है। इन दोनो बाइक की एक्स शोरूम कीमत 1,20,269 और 1,17,267 है। लॉन्च के दौरान मैनेजर श्री उरांव ने बताया कि बाईक का माइलेज 60 है। बाईक में चार्जिंग प्वाइंट, डुअल एबीएस, डुअल डिश समेत कई फिचर दिया गया है। जो ग्राहकों को आकर्षित करता है। वही संचालक ने बताया कि हमारे शोरूम में बजाज की प्रत्येक गाड़ी उपलब्ध है। ग्राहकों को उचित दामों में बाइक उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राहकों को बाइक लेने के लिए डाल्टनगंज या रांची जाने की आवश्यकता नहीं है। मैने देखा है की ग्राहकों को बाहर से बाइक लेने में थोड़ा महंगा पड़ जाता है लेकिन अब नहीं, अब ग्राहकों को उचित दामों में उनके शहर में ही बाइक उपलब्ध है।

### ओडिशा में 13 जनवरी से शुरू हो रहे पुरुष विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता ट्रॉफी का मुख्यमंत्री ने किया अनावरण

## इतिहास के पन्ने में नया अध्याय भी जोड़ेगी : बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भुवनेश्वर राउरकेला (ओड़िशा) में 13 जनवरी से शुरू हो रहे पुरुष विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता की ट्रॉफी का मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनावरण किया। इस मौके पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर, लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम और लातेहार जेएमएम जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव उपस्थित रहें। जहां विधायक बैद्यनाथ राम ने ट्रॉफी का अनावरण करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों की प्रतिभा आंकलन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह विश्वकप हॉकी प्रतियोगिता यादगार प्रतियोगिता ही नहीं होगी बल्कि खेल इतिहास के पन्ने में नया अध्याय भी जोड़ेगी। वहीं लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि हॉकी सहित विभिन्न खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा विभिन्न स्तर पर कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हॉकी खिलाड़ियों को हर तरह का सम्मान दिया जायेगा। बता दें कि भुवनेश्वर राउरकेला (ओड़िशा) में 13 जनवरी 2023 से पुरुष विश्वकप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस आयोजन के लिए हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया की इस पहल से विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के प्रति एक माहौल तैयार होगा।


विधायक बैद्यनाथ राम कप का अनावरण करते हुए।


जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव कप का अनावरण करते हुए।

### स्कूली बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड भर में संचालित विभिन्न निजी विद्यालयों में रामानंद साहू चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के सतीश प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के अलावा शारीरिक दक्षता बढ़ाने के लिए खेल भी आवश्यक है। अब खेल में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। ट्रस्ट की ओर से चंदवा के ग्रीन फील्ड एकेडमी, चिल्ड्रेन पैराडाइज, ब्राइट फ्यूचर, गुरुकुल समेत कई विद्यालयों में खेल सामग्री जैसे बैट-बॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन,चेस, लूडो, कैरम बोर्ड आदि दिया गया। खेल सामग्री पाकर बच्चे काफी खुश दिखे।

